Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Naik Shri Shripad Yasso

>

Title : Regarding construction of a bypass connecting Pannaji to Belaguar on National Highway No. 4A.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : सभापति महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र पणजी राट्रीय राजमार्ग संख्या 4A जो सभी राज्यों को जोड़ता है। उस राजमार्ग से जो बाईपास निकाला जा रहा है, वह पणजी से 15 किलोमीटर दूर कुंडई क्षेत्र में है। वहां औद्योगिक ईकाइयां भी हैं। पांच साल पहले वहां बगल से राजमार्ग निकालने का काम शुरू किया गया था, लेकिन ठीक तरह से प्लानिंग न होने के कारण बाईपास का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। पैसा भी दे दिया गया है और काम भी शुरू हो गया था, लेकिन नीचे से 15 से 20 फुट जो ऊंचाई है केवल उसका एस्कावेशन हुआ है । दोनों तरफ बस्तियां हैं। एक तरफ आश्रम है। दोनों तरफ ही लैंड स्लाइडिंग होती रहती है जिससे आश्रम में आने वाले भक्तों और बस्ती के घरों को खतरा है। आश्रम में हजारों लोग दर्शन के लिए आते हैं। लैंड स्लाइडिंग के कारण उन्हें हानि पहुंच सकती है। यह हाईवे ट्रेफिक के कारण काफी बीजी रहता है। यहां से कंटेनर और गाड़िया निकलती रहती हैं और ऊंचाई होने के कारण ट्रेफिक रुक जाता है। मेरा निवेदन है कि जल्दी से जल्दी इस बगल के मार्ग को पूरा करके लोगों को ट्रेफिक सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

MR. CHAIRMAN : Now, I have to make one point. Of the two issues, you have already raised the issue of providing compensation to the Sikhs. So, you can raise only the issue of need to relax percentage for OBCs in National Eligibility Test.